संख्या-276/2026/I/1380082/2026/002/23-6099/49/2024

प्रेषक,

शेषनाथ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 30 जून, 2026

विषयः- वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य योजना (ग्रामीण) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रयागराज क्षेत्र के कतिपय जनपदों के कुल 10 सेतुओं के चालू कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता, (सेतु विंग), लो0नि0वि0, लखनऊ के कतिपय पत्रांक (तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रयागराज क्षेत्र के कतिपय जनपदों के कुल 10 सेतुओं के चालू कार्य हेतु निम्नानुसार रू0 1380.43 लाख (रूपये तेरह करोड अस्सी लाख तिरालिस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्यालय मुख्य अभियन्ता (सेतु विंग) का पत्रांक	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत / प्राविधिक/ बचत/ बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	आवंटन धनराशि		
								अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (9+10)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	23058/CE-SEB/RYB/PRJ/2026-27 Dt- 23-06-2026	नि.ख.-1 प्रतापगढ़	मुरैनी-खानीपुर के बीच मट्टन नाले पर, 3x18 मी० स्पॉन का लघु सेतु एवं पहुंच मार्ग	316/2025/आई/1130328/2025/23-6099/180/2025-दिनांक-31-10-2025	498.50 497.64 1.54 496.10	5.20	200.00	157.58	42.42	200.00
2	तदैव	नि.ख.-1 प्रतापगढ़	जनपद प्रतापगढ़ में पुरनेमऊ हियातनगर कुंडा मार्ग पर पुरनेमऊ के सामने दुअर नाले पर 3x6 मी० स्पान का लघु सेतु एवं पहुँच मार्ग/अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य	330/2025/आई/11377131/2025/23-6099/193/2025-दिनांक-10-11-2025	258.97 246.67 0.00 246.67	72.28	150.00	118.18	31.82	150.00
3	तदैव	प्रा.ख. प्रतापगढ़	जनपद प्रतापगढ़ में रस्तीपुर-जौनपुर बॉर्डर लिंक रोड के अमरौवा नाला पर 3x5.0 मीटर स्पान आर.सी.सी. बॉक्स कल्वर्ट, एप्रोच रोड का निर्माण कार्य।	74/2026/आई/1263754/2026/23-6099/41/2026-दिनांक-12-03-2026	191.06 177.94 0.00 177.94	2.49	140.00	110.31	29.69	140.00
4	तदैव	प्रा.ख. प्रतापगढ़	जनपद प्रतापगढ़ में प्रतापगढ़ दिलीपपुर जामताली जगनीपुर (अ0जि0मा0) मार्ग के जरगोईया नाले पर 2x5 मी0 स्पान आर.सी.सी. बॉक्स कल्वर्ट, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	74/2026/आई/1263754/2026/23-6099/41/2026-दिनांक-12-03-2026	208.75 205.70 30.52 175.18	2.69	135.00	106.37	28.63	135.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5	तदैव	प्रा.ख. प्रतापगढ़	परैया नाले पर जाफरपुर लिंक रोड पर 3x15.00 मीटर स्पैन का छोटा पुल, अप्रोच रोड, अतिरिक्त अप्रोच रोड और सुरक्षा कार्य।	123/2026/आई/1275383/2026/23-6099/96/2026-दिनांक-21-03-2026 sl.n.7	482.80 462.51 0.00 462.51	6.01	400.00	315.16	84.84	400.00
6	तदैव	प्रा.ख. प्रतापगढ़	बेलहा पट्टी धकवा (एमडीआर) सड़क के किलोमीटर-33 पर 3x4.0 मीटर स्पैन और 4.0 मीटर एलिवेशन वाला आर0सी0सी0 बॉक्स कल्वर्ट, अप्रोच रोड और सुरक्षा कार्य (पुनर्निर्माण) का निर्माण कार्य।	123/2026/आई/1275383/2026/23-6099/96/2026-दिनांक-21-03-2026	208.38 184.95 0.00 184.95	2.59	135.00	106.37	28.63	135.00
7	तदैव	प्रा.ख. प्रतापगढ़	हथेडी सम्पर्क मार्ग के सेनुहआ नाले पर 3x5.00 मी0 स्पान आर0सी0सी0 बॉक्स कल्वर्ट, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण।	123/2026/आई/1275383/2026/23-6099/96/2026-दिनांक-21-03-2026	159.85 157.76 25.71 132.05	1.99	100.00	78.79	21.21	100.00
8	तदैव	नि.ख.-3 प्रयागराज	जनपद प्रयागराज में बसहरा मानपुर मार्ग (अ0जि0मा0) पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1x6 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया, डाय वर्जन एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	83/2026/आई/1263772/2026/23-6099/69/2026-दिनांक-12-03-2026	61.21 61.21 2.85 58.36	12.24	43.20	33.93	9.13	43.06
9	तदैव	नि.ख.-3 प्रयागराज	जनपद प्रयागराज में चामू पहाड़ी सम्पर्क मार्ग के किमी0-2 पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1x6 मी0 स्पान के आर0सी0सी0 कल्वर्ट, डाय वर्जन एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	83/2026/आई/1263772/2026/23-6099/69/2026-दिनांक-12-03-2026	54.23 54.23 2.50 51.73	10.85	38.29	30.07	8.10	38.17
10	तदैव	नि.ख.-3 प्रयागराज	जनपद प्रयागराज में वारी बजहिया मार्ग के कि0मी0 1 से मझिगवां मार्ग के कि0मी0 1 में 1x6 मी0 स्पॉन के आर0सी0सी0 लघु सेतु के निर्माण कार्य।	123/2026/आई/1275383/2026/23-6099/96/2026-दिनांक--21-03-202	52.92 52.92 0.49 52.43	10.58	39.23	30.89	8.31	39.20
कुल योग								**1087.65**	**292.78**	**1380.43**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्ते व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

(8) चालू कार्य की अवशेष धनराशि इस शर्त के अधीन है कि यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि अवमुक्त की जा रही धनराशि पूर्व में अवमुक्त नहीं हुई है। यदि कोई विसंगति/द्विरावृत्ति पायी जाती है तो शासन को तत्काल सूचित किया जायेगा। वर्तमान आबंटन के आधार पर लागत में सम्मिलित अनुरक्षण की धनराशि को व्यय नहीं किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 10,87,65,000 (रुपये दस करोड़ सत्तासी लाख पैंसठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 2,92,78,000 (रुपये दो करोड़ बानबे लाख अठहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शेषनाथ)
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) वित्त नियन्त्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
(6) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड, लखनऊ।
(7) संबंधित कोषाधिकारी।
(8) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(9) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(10) नोडल अधिकारी, बजट अलाटमेंट, लोक निर्माण विभाग ।
(11) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शेषनाथ)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

www.shasanadesh.up.gov.in